तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

14 धमतरी को विकास और आवास मिलेगी दोहरी सौगात

15 खुले बाजार में भाव नहीं, समर्थन मूल्य पर धान बेचने..


## खबर संक्षेप

### राजपुर में घासीदास जयंती 21 को

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संत शिरोमणि गुरु घासीदास की 269वीं की जयंती 21 दिसम्बर रविवार को मनाई जाएगी। जैतखाम में पालो चढ़ाया जाएगा व पूजा पाठ किया जाएगा। दोपहर में जय सतनाम ज्ञान धारा पंथी दल मोतिमपुर तथा रात्रि में मोर माया के फूल छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी उमरदा कुरूद की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में पवन भारती, मिलन निराले, पूरनलाल चतुर्वेदी, वीरू निराले, अर्जुन भारती जुटे हुए हैं।

### थूहा में मड़ई 20 को होगी

**सिर्री।** ग्राम थूहा (नवागांव) में इस वर्ष भी मड़ई मेला का आयोजन 20 दिसंबर को किया गया है। रात्रि में भुइयां के श्रृंगार होच्चेटोला (मंगचुवा) जिला बालोद का नाचा कार्यक्रम होगा। यह जानकारी मनीष कुर्रे, मुकेश कुर्रे, जयंत जोशी, राहुल मंडले, प्रशांत रात्रे ने दी।

### रांवा में मड़ई मेला 27 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम रांवा में ग्रामवासियों के सहयोग से 27 दिसंबर शनिवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में शेरगांव महासमुंद का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम प्रमुख जीवराज साहू ने दी है।

### खुरसेंगा में श्रीमद् भागवत महापुराण 23 से

**अंवरी।** ग्राम खुरसेंगा में 23 से 31 दिसम्बर तक मोनिका साहू की स्मृति में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक पंडित योगेश वत्स उल्वा वाले होंगे।

### सारंगपुरी में मड़ई 3 जनवरी को

**धमतरी।** ग्राम सारंगपुरी में ग्रामवासियों के सहयोग से 3 जनवरी शनिवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मोर मयारु संगी टेडेसरा राजनांदगांव का लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। यह जानकारी सरपंच रामकुमार यादव, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू व कृष्णा नेताम ने दी।

### शहर में 50 से अधिक उपभोक्ताओं के मीटर में सर्किट ओपन के निशान

# ऑनलाइन बिजली डिस्कनेक्शन का ट्रायल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में ऑनलाइन बिजली डिस्कनेक्शन का ट्रायल शुरू हो गया है। अगर आप कुछ माह से बिजली बिल जमा नहीं किए हैं और घर की लाइट गुल हो गई तो समझिये कि आपका ऑनलाइन बिजली डिस्कनेक्शन हो गया है।

शहर में बिजली विभाग के पास सैकड़ों लोगों की लिस्ट है, जिसमें उपभोक्ताओं ने 5-6 माह से बिजली बिल जमा नहीं किया है और 5 हजार से अधिक का बिल भी बकाया है। ऐसे उपभोक्ताओं के घर जाकर बिजली विभाग के कर्मचारियों को अब लाइन काटने की जरूरत नहीं है। विद्युत कार्यालय से ही ऑनलाइन डिस्कनेक्शन शुरू हो गया है।

विद्युत विभाग के ई. भारत सिन्हा ने बताया कि शहर में ऑनलाइन बिजली डिस्कनेशन का ट्रायल शुरू हो चुका है। शहर में करीब 50 उपभोक्ताओं का ऑनलाइन डिस्कनेक्शन किया जा चुका है। ऑनलाइन बिजली विच्छेद से उपभोक्ताओं की लाइट बंद हो जाती है। मीटर में सर्किट ओपन का निशान दिख जाता है।

उन्होंने बताया कि 5 हजार रूपये से अधिक बिजली बिल का बकाया होने तथा 5 से 6 माह तक बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के ऑनलाइन बिजली डिस्कनेक्शन की कार्रवाई की जा रही है। अभी इसका ट्रायल चल रहा है।

इसके बाद एक दो माह के बकायादारों के भी ऑनलाइन डिस्कनेक्शन की कार्रवाई की जाएगी।




#### दिसम्बर तक सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य

धमतरी तथा कुरूद डिवीजन में 1.90 लाख घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य है। दिसम्बर 2025 तक सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाया जाएगा। वर्तमान में 90 प्रतिशत से अधिक घरों में यह मीटर लगाया जा चुका है। विभाग द्वारा बीपी नंबर से ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से बिजली डिस्कनेक्शन का ट्रायल शुरू कर दिया है। सभी घरों में कनेक्शन लगने व थ्री फेस में भी स्मार्ट मीटर लगने के बाद प्री-प्रेड सिस्टम लागू करने की संभावना है।

#### जनवरी से मिलेगा हॉफ योजना का लाभ

दिसम्बर महीने से बिजली खपत की गणना के बाद जनवरी में जो बिल आएगा, उसमें बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ मिलेगा। 200 यूनिट तक इस योजना का लाभ मिलेगा। इससे ज्यादा यूनिट खपत पर पूरा बिल जमा करना होगा।

# डॉक्टर के घर काम करने वाली ही निकली फर्जी रेड की मास्टर माइंड

- फर्जी आईटी टीम गिरोह को घर का नक्शा बनाकर दी थी सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पैथालॉजिस्ट के घर हुई फर्जी आईटी टीम की फर्जी रेड की घटना की मास्टर माइंड वहां काम करने वाली महिला थी। महिला ने ही फर्जी आईटी टीम रेड गिरोह को घर का नक्शा व सूचना दी थी। पुलिस ने मास्टर माइंड महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय रत्नाबांधा रोड निवासी पैथालॉजिस्ट डॉक्टर दिलीप राठौर के घर में 17 नवम्बर को अज्ञात 6 से 7 लोग जबरन प्रवेश कर स्वयं को इनकम टैक्स विभाग का अधिकारी बताते हुए बिना सर्च वारंट के घर के



कमरों, आलमारी व दराजों की तलाशी ली थी। तलाशी में किसी प्रकार की राशि नहीं मिलने पर सभी कार में बैठकर वहां से फरार हो गए। डॉक्टर की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर नागपुर, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, दल्लीराजहरा एवं बालोद में दबिश देकर कुल 12 आरोपियों को ⏩ शेष पेज 14 पर

#### नक्शा तैयार करने में की थी मदद

फर्जी रेड का इनाम मिलने के लालच में महिला कर्मी सुनैना सोनी उर्फ मोना ने डॉक्टर के घर नगद राशि होने की जानकारी देने के साथ साथ डॉक्टर राठौर के घर का नक्शा तैयार करने में मदद की। महिला ने कई बार आरोपी श्रवण ध्रुव को घर बुलाकर नक्शे का मिलान कराया था।

#### आरोपिया को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

पुलिस ने आरोपिया द्वारा घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन को जप्त कर उसके खिलाफ धारा 204(2), 319(2), 331(3), 61(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया। आरोपिया सुनैना सोनी उर्फ मोना पति कोमल सोनी उम्र 32 वर्ष हटकेशर वार्ड रत्नाबांधा रोड निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# पुरानी रंजिशवश युवक को मारा चाकू, घायल

- आरोपियों में जिलाबदर बदमाश भी शामिल, हटकेशर वार्ड की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लगभग 6 माह पहले हुई मारपीट की घटना का बदला लेने जिलाबदर बदमाश सहित उसके दो साथियों ने युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया है। घायल युवक का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

घायल से मिली जानकारी के अनुसार हटकेशर वार्ड के नागदेव



मंदिर तालाब के पास रहने वाले जितेन्द्र निषाद पिता महेन्द्र उम्र 24 वर्ष मजदूरी का काम करता था। लगभग 6 माह पहले युवक का वार्ड के जिलाबदर बदमाश टुमेन्द्र लहरे के साथ मारपीट हुई थी। तब से टुमेन्द्र उसके साथ रंजिश रखता था। बुधवार की रात्रि जितेन्द्र वार्ड में स्थित सरकारी स्कूल की तरफ लघुशंका के लिए गया था। इस दौरान जिलाबदर टुमेन्द्र अपने 6-7 साथियों के साथ पहले से मौजूद था। जितेन्द्र को रात्रि में स्कूल परिसर में देख दुश्मनी का बदला लेने टुमेन्द्र लहरे व उसके साथी सुनील ध्रुव व राहुल जगने उसे उठाकर चापड़ा बस्ती में ले गए। जहां टुमेन्द्र व राहुल ने युवक को पकड़ रखा था तभी सुनील ने जेब से चाकू निकाल जितेन्द्र के सीने व पसली के नीचे बायीं तरफ ताबड़तोड़ वार कर दिया। चाकू के हमले से घायल जितेन्द्र किसी तरह अपने आपको बदमाशों से छुड़ाकर खून से लथपथ वहां से भागते हुए चौक तक पहुंचा। घटना की जानकारी होने पर युवक को उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

#### जिलाबदर बदमाश की मौजूदगी से पुलिसिंग पर उठे सवाल

आपराधिक प्रवृत्ति के होने के कारण आदतन बदमाश टुमेन्द्र लहरे को एसपी की अनुशंसा पर जिला दण्डाधिकारी द्वारा धमतरी जिले से जिलाबदर किया था। बताया जाता है कि जिलाबदर की कार्रवाई के बावजूद बदमाश टुमेन्द्र लहरे बिना अनुमति के धमतरी जिले में प्रवेश कर अपने घर हटकेशर वार्ड में मजे से रहता है। इसकी भनक पुलिस को नहीं लग पाई । इस तरह जिलाबदर बदमाश की मौजूदगी पुलिसिंग पर सवालिया निशान लगा रही है।

### पुलिस प्रशासन ने कांग्रेसियों को रोकने कई लेयर की बैरिकेडिंग लगा रखी थी

# कांग्रेस ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव

- बैनर में पैर फंसने से सिहावा विधायक अंबिका और कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम गिर पड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नेशनल हेराल्ड मामले में जिले के कांग्रेसियों ने भाजपा कार्यालय का घेराव किया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को राजनीतिक षड्यंत्र करार दिया।

मंगलवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इंकार किए जाने को कांग्रेस नेताओं ने इसे सत्य की जीत बताया। कांग्रेस का आरोप है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के इशारे पर ईडी के माध्यम से राहुल गांधी और सोनिया गांधी को परेशान किया जा





रहा था, लेकिन अदालत के फैसले ने भाजपा की मंशा को उजागर कर दिया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में अपराध तभी बनता है जब सक्षम जांच एजेंसी द्वारा विधिवत जांच दर्ज की गई हो, जबकि इस मामले में ऐसा नहीं हुआ।

घेराव के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी सत्यमेव जयते के नारे लगाते हुए स्टेट हाईवे से भाजपा कार्यालय की ओर कूच कर रहे थे। भाजपा कार्यालय के पास पुलिस प्रशासन द्वारा कई लेयर की कड़ी बैरिकेडिंग की गई थी, जिसे पार करने का प्रयास कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया। इस दौरान स्थिति तनावपूर्ण रही, लेकिन पुलिस ने मोर्चा संभाले रखा।

इस प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने किया। उनके साथ विधायक ओंकार साहू, अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष शरद लोहाना, मोहन लालवानी, पूर्व महापौर विजय देवांगन, वरिष्ठ नेता विपिन साहू, जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, नीलम चंद्राकर, आनंद पवार, राजकुमारी दीवान, सलीम रोकडिया, बृजेश जगताप, घनश्याम साहू, डीहूराम साहू, राजू साहू, सूर्यप्रभा चेटियार, अरविन्द दोशी, विजयप्रकाश जैन, आलोक जाधव, नरेश जसूजा, योगेश लाल, अशीष थिटे, ⏩ शेष पेज 14 पर

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# खेतों में अपने आप मर रहे चने के पौधे

**धमतरी।** चने की फसल पर अभी से उकठा रोग का प्रकोप शुरू हो गया है। फंगस संक्रमण के कारण अपने आप चने के छोटे-छोटे पौधे मर रहे हैं। कई किसानों ने उकठा रोग से बचाव के लिए बीजोपचार भी किया। इसके बाद भी यह बीमारी थमी नहीं है। यही स्थिति रही तो किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है।



- फफूंदी जनित बीमारी का प्रकोप बढ़ा, किसान परेशान

चने की फसल में उकठा रोग आम बात है, लेकिन इस साल यह बीमारी अभी से दिखाई देने लगी है। किसानों ने बताया कि इस साल लंबे समय तक बारिश होती रही, जिसके चलते जमीन सूख नहीं पाई है। इससे मिट्टी में फंगस खत्म नहीं हुए और अब ये चने की फसल को क्षति पहुंचा रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों की माने तो चना में उकठा रोग फफूंद से होने वला मिट्टी जनित रोग है। यह फफूंद पौधों में जड़ों और तने से पानी और पोषक तत्व ले जाने वाली वाहिकाओं को बंद कर देता है, जिससे पौधे की पत्तियां पीली पड़कर मुरझाने लगती हैं और पूरा पौधा सूख जाता है। यह रोग अक्सर खेत में छोटे-छोटे पैच में दिखाई देता है। नमी और उमस वाले मौसम में यह बीमारी और फैलती है।

#### बुआई से पहले करें बीजोपचार

कृषि वैज्ञानिक डॉ शक्ति वर्मा ने बताया कि इस बीमारी का असर कम करने के लिए बुआई से पहले ही किसानों को बीजोपचार करना चाहिए। खेतों में बुआई के बाद पौधों में यह बीमारी दिख रही है। इस स्थिति में इस समस्या कोई स्थायी इलाज नहीं है। कार्बेंडाजाइम, मेंकोजेब का छिड़काव करके इसके प्रकोप को कम किया जा सकता है।

#### फसल चक्र अपनाएं

कृषि विशेषज्ञों की माने तो यह फफूंद मिट्टी में कई सालों तक जीवित रह सकता है। यह मिट्टी और बीज के माध्यम से भी फैलता है। इससे बचाव के लिए उकठा प्रतिरोधी चने की बुआई करनी चाहिए। 3-4 साल का फसल चक्र अपनाएं। चना बोने के बाद 3-4 साल तक दूसरी फसल लेनी चाहिए। गर्मी में खेत की गहरी जुताई करनी चाहिए। बुआई अक्टूबर से नवंबर के बीच कर लेनी चाहिए। सरसों या अलसी के साथ चने की खेती करने से भी इसका असर कम होता है।



## खबर संक्षेप

### इलेक्ट्रिक मोटर रिवाइंडिंग का मिलेगा प्रशिक्षण

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में इलेक्ट्रिक मोटर रिवाइंडिंग और मरम्मत का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ हो रहा है। इसके लिए 18 वर्ष से 50 वर्ष तक के इच्छुक ग्रामीण बेरोजगारों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। निदेशक बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि प्रशिक्षण के साथ-साथ उद्यमिता संबंधी जानकारी भी दी जायेगी। यह प्रशिक्षण पूर्णत निःशुल्क एवं आवासीय सुविधायुक्त है। प्रशिक्षण हेतु 30 सीटें आरक्षित है।

### धान का उत्पादन कम होने से किसान चिंतित

**कोर्रा(भखारा)।** भखारा कोर्रा क्षेत्र अंतर्गत इस वर्ष खरीब फसल में धान का उत्पादन  कम हुआ। इससे किसान परेशान हैं। किसानों का कहना है कि इस वर्ष धान फसल अच्छा तो दिख रही थी, मगर मिंजाई के उपरांत उत्पादन में 10 से 15 कट्टा कम आ रहा है। यह किसानों को चिंता में डाल दिया है, क्योंकि किसानों ने कर्ज लेकर, उधारी से दवाई लेकर कृषि कार्य किया। इस वर्ष मौसम का प्रकोप भी झेलना पड़ा। फसल उत्पादन इस वर्ष बहुत कम हुआ जिसके कारण सोसाइटी में धान बेचने के लिए पूर्ति करना मुश्किल हो रहा है। छोटे किसान बहुत प्रभावित हैं। सोसाइटियों में धान बेचने के लिए एकड़ पीछे 10 से 15 कट्टा कम पड़ रहा है। इस वर्ष किसानों को धान फसल में बहुत नुकसान हुआ। किसानों ने पूछने पर बताया कि इस वर्ष माहू का प्रकोप बहुत अधिक था जिसके कारण से फसल में तीन से चार बार दवाई छिड़काव किया गया। फसल का उत्पादन प्रति एकड़ 10 से 15 कट्टा कम हो रहा है। छग के किसान शासन से मुआवजे की मांग कर रही है।

### चमेंदा के ग्रामीणों ने श्रमदान, ट्रैक्टर-जेसीबी से 10 किमी सड़क दुरुस्त की

# सरकार से थककर ग्रामीणों ने खुद उठाया फावड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा



"रोड बनवा दो साहब रोड मरम्मत करवा दो साहब" यह गुहार नक्सल प्रभावित वनांचल क्षेत्र के उन ग्रामीणों की है, जो वर्षों से बदहाल सड़कों की मार झेल रहे हैं। शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से बार-बार गुहार लगाने के बाद भी जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तो आखिरकार ग्रामीणों ने खुद ही पहल करते हुए मिसाल कायम कर दी। धमतरी जिले के सिहावा-नगरी वनांचल क्षेत्र के अंतिम छोर पर बसे चमेंदा ग्राम पंचायत खल्लारी के आश्रित गांव के करीब 90 ग्रामीणों ने श्रमदान कर ट्रैक्टर और जेसीबी के माध्यम से लगभग 10 किलोमीटर सड़क की मरम्मत करवा दी।

ग्रामीणों ने बताया कि खल्लारी से चमेंदा की दूरी करीब 6 किलोमीटर और चमेंदा से गौरगांव की दूरी लगभग 4 किलोमीटर है। यह पूरा मार्ग वर्षों से जर्जर हालत में था। जगह-जगह गड्ढे, नाले और पुल की कमी के कारण चमेंदा और बुडरापारा के ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। खासकर बारिश के दिनों में गांव टापू में तब्दील हो जाता था। राशन लाने, मंडी रिसगांव जाने या ब्लॉक व जिला मुख्यालय पहुंचने में ग्रामीणों को जान जोखिम में डालनी पड़ती थी।

ग्रामीणों ने कई बार सरपंच से सड़क मरम्मत की मांग की, ग्रामसभा में प्रस्ताव भी रखा, लेकिन बजट नहीं होने का हवाला देकर काम टाल दिया गया। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने आपस में चंदा इकट्ठा किया और करीब 35 से 40 हजार रुपये खर्च कर पांच ट्रैक्टर और एक जेसीबी लगाकर सड़क मरम्मत का काम शुरू किया। इस दौरान करीब 90 से 95 ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत की और नाले-गड्ढों को भरकर रास्ते को आवागमन योग्य बनाया।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जिस पुल निर्माण के लिए सरपंच मोतीन बाई नेताम द्वारा 10 से 12 लाख रुपये की लागत बताई जा रही थी, उसे ग्रामीणों ने तीन बड़े पाइप और सीमेंट की मदद से खुद ही तैयार कर लिया। इस श्रमदान में वार्ड पंच लीलाबाई नेताम, प्रेम बाई मरकाम और चरण सिंह नेताम का भी सहयोग मिला।

इस मामले में कलेक्टर ने कहा कि खल्लारी का यह आश्रित ग्राम उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में आता है। वाइल्ड लाइफ क्लीयरेंस नहीं मिलने के कारण पक्की बीटी रोड का निर्माण संभव नहीं हो पाया है। हालांकि ग्रामीणों द्वारा मिट्टी की सड़क बनाना सराहनीय है। संभव होने पर मुरूम रोड का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जाएगा और अनुमति मिलने पर सड़क निर्माण कराया जाएगा।

### शीतला मंदिर प्रांगण में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ 21 को

**नगरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार की संस्थापिका माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी एवं शांतिकुंज में प्रज्वलित दिव्य अखण्ड ज्योति के 100वें वर्ष के उपलक्ष्य में वर्ष 2026 को विशेष रूप से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में विचार क्रांति अभियान के अंतर्गत गांव-गांव, वार्ड-वार्ड एवं घर-घर गायत्री यज्ञों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 15 शहीद सेनानी वार्ड, शनिवार बाजारपारा (कंजार पारा) स्थित शीतला मंदिर प्रांगण में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम रविवार 21 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में गायत्री यज्ञ, प्रज्ञा अभियान एवं विचार क्रांति से संबंधित गतिविधियां संपन्न होंगी।

# बगदेही में 21 को गौ क्रांति का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

- बालयोगेश्वर श्रीराम बालकदास की होगी भव्य धर्मसभा





अध्यात्म, गौ-सेवा और सामाजिक सरोकार का एक अनूठा संगम 20 और 21 दिसंबर को धमतरी जिले के विभिन्न अंचलों में देखने को मिलेगा। भारतीय गौ क्रांति मंच द्वारा आयोजित इस धर्मसभा में पाटेश्वर धाम के पीठाधीश्वर, प्रसिद्ध संत बालयोगेश्वर श्रीराम बालकदास महात्यागी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। इसे लेकर युवाओं के बीच भारी उत्साह है, जहां धर्म के साथ-साथ सेवा के प्रकल्प भी जुड़ेंगे। भारतीय गौ क्रांति मंच के प्रदेश महामंत्री नामदेव राय और जिलाध्यक्ष संजय सिन्हा ने कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि दो दिनों में चार प्रमुख स्थानों पर धर्मसभाएं आयोजित होंगी जिसमें 20 दिसंबर प्रथम दिन सुबह 11 बजे नगर पंचायत आमदी में धर्मसभा, दोपहर 2 बजे कुरूद ब्लॉक के ग्राम कोर्रा में आयोजन होगा। 21 दिसंबर को सुबह 11 बजे नगरी के ग्राम सिंगपुर में धर्मसभा, दोपहर 2 बजे ग्राम बगदेही में कार्यक्रम का समापन होगा।

बगदेही में धर्म के साथ सेवा का संकल्प 21 दिसंबर को बगदेही में आयोजित होने वाला कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। यहां केवल आध्यात्मिक प्रवचन ही नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों को जोड़ते हुए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है। इसके साथ ही रामायण पाठ, मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों का गान, भजन संध्या सुमधुर भजनों से भक्तिमय वातावरण, प्रसादी वितरण होगा। तैयारियों का नेतृत्व संतोष निर्मलकर, कृष्णा कामडे, दीपक साहू, रामकुमार ध्रुवंशी, गौरव साहू, महेंद्र साहू और उनकी पूरी टीम कर रही है। तैयारी में प्रमुख रूप से कामता साहू, निरंजन साहू, योगेश साहू, मोरध्वज साहू, जागेंद्र साहू, झम्मन साहू, जितेश निर्मलकर, निराला साहू, डाकेश साहू, तुलेश्वर साहू, राकेश यादव और खिलेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। आयोजकों का कहना है कि इस धर्मसभा का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति में गाय के महत्व को पुनः स्थापित करना और समाज को गौ-संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। संत रामबालक दास के ओजस्वी विचारों को सुनने के लिए पूरे अंचल से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

### कोर्रा में 20 को धार्मिक सभा रक्तदान शिविर भी लगेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत कोर्रा में भारतीय गौ क्रांति मंच के तत्वावधान में 20 दिसंबर  शनिवार को दोपहर 2 बजे विशाल धार्मिक सभा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर श्री पाटेश्वर धाम के पीठाधीश्वर बाल योगेश्वर बालकदास का आगमन होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य सनातन धर्म और हिन्दुत्व की भावना को सुदृढ़ करना, युवाओं में गौ माता की सेवा एवं संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विश्व में अद्वितीय मां कौशिल्या धाम के निर्माण से जनमानस को जोड़ना है। इस दौरान रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें रक्तदाताओं को प्रोत्साहन स्वरूप हेलमेट प्रदान किए जाएंगे।

कार्यक्रम की तैयारी में भारतीय गौ क्रांति मंच के पदाधिकारी खूबलाल साहू, भोराज ध्रुव, भीषण साहू, घनश्याम साहू, मनहरण नेताम, जीतू साहू, पूर्व सरपंच चोवाराम साहू, गुलाब साहू जुटे हैं।

## अंचल की खबरें

### सलोनी में मितानिनों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान



**कुकरेल/धमतरी।** ग्राम पंचायत सलोनी के पंचायत भवन में मितानिनों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। सरपंच श्रीमती रोमी चंदन ध्रुव के नेतृत्व तथा पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता से मितानिनों का सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में सरपंच श्रीमती रोमी ध्रुव ने कहा कि मितानिनों द्वारा जो पुण्य का काम किया जाता है, वह सराहनीय एवं प्रेरणादायक है। इस दौरान मितानिन श्रीमती दशोदाबाई ध्रुव, श्रीमती रेवती साहू, श्रीमती शांति ध्रुव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती दुर्गा साहू, श्रीमती ईश्वरी ध्रुव तथा मोहनी कंवर का सम्मान किया गया। खेल स्पर्धा भी रखी गई। इस अवसर पर एमटी श्रीमती चित्ररेखा साहू, वार्ड पंच ओमप्रकाश देशमुख, सियाबाई साहू, लक्ष्मी नागेश, देवबती ध्रुव, भुनेश्वरी ध्रुव, केशर साहू, डगेन्द्र ध्रुव, विष्णु कंवर सहित ग्राम प्रमुख दानीराम नागेश, यीशु मरकाम, मेहत्तर सिंह मण्डावी ,सत्तर निषाद, केंवरा ध्रुव, दामिनी मेश्राम, कुमारी साहू, रोजगार सहायिका इन्दिरा धृतलहरे उपस्थित थे।

### मुक्तिधाम में सीसी रोड एवं सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन



**बगदेही(धमतरी)।** ग्राम कन्हारपुरी के मुक्तिधाम में सीसी रोड एवं सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन किया गया। मौके पर सरपंच हेमा ब्रम्हदत्त, लोकेश्वर सिन्हा, शिक्षक सुरजीत कुमार मेश्राम, एवीएन, टीकू ध्रुव, ओंकार सिन्हा, अर्जुन दीवान, मानसिंह दीवान,  सुकित सिन्हा समेत अन्य मौजूद थे।

# कलेक्टर ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर स्थित वेयरहाउस का ताला खुलवाकर ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में सुरक्षित रखी बैलेट यूनिट (बीयू), कंट्रोल यूनिट (सीयू) एवं वीवीपैट की भौतिक स्थिति, सील, लॉग बुक तथा सुरक्षा व्यवस्था की जांच की।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी सभी सामग्रियों की सुरक्षा, पारदर्शिता और मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि ईवीएम-वीवीपैट की नियमित जांच से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत होता है। वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को सतत रूप से सुदृढ़ बनाए रखने, सीसीटीवी, अग्नि सुरक्षा एवं अभिलेख संधारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पवन प्रेमी, तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मोहन बाबू देवांगन, प्रदीप जांगड़े, पवन गजपाल, राकेश यादव एवं राजीव चंद्राकर उपस्थित थे। सभी प्रतिनिधियों ने निरीक्षण प्रक्रिया को संतोषजनक एवं पारदर्शी बताया।

# 40% से कम अंक लाने वाले कमजोर बच्चों पर खास ध्यान की जरूरत

- भाठागांव जोन की बैठक में 10 स्कूलों के प्राचार्य को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव में 17 दिसंबर को भाठागांव जोन अंतर्गत आने वाले विद्यालय के प्राचार्यों की बैठक हुई। सभी प्राचार्यों का परस्पर परिचय हुआ। जोन प्राचार्य लच्छूराम निषाद ने 10वीं और 12वीं बोर्ड कक्षाओं में 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को टॉप 10 में स्थान पाने टिप्स दिए। 40% से कम अंक लाने वाले कमजोर बच्चों पर खास ध्यान देने, पालक शिक्षक संपर्क, मेरिट आने वाले छात्रों को विशेष पुरस्कार व आर्थिक सहयोग देने, प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को पहाड़ा, बारहखड़ी, अंग्रेजी पढ़ना और गणित की विधियों को नियमित अभ्यास पर जोर दिया गया। भाठागांव जोन की बैठक में 10 स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

बैठक में एबीईओ प्रतिमा ध्रुव, नूतनलाल चंद्राकर प्राचार्य अटंग, टीके चंद्राकर बगौद, देवकरण साहू थूहा, आशीष कुमार जेम्स अछोटी, मीना गुप्ता चरमुड़िया, कल्याणसिंह कोसरे भुसरेंगा, देवकुमार साहू कन्हारपुरी, नोहरराम शांडिल्य सिवनीकला, निशारानी वर्मा मरौद, आशालता साहू उपस्थित थे।







# तीन गांवों के विद्यार्थियों को रोज सुबह जगाकर पढ़ाई के लिए कर रहे प्रेरित

- व्याख्याता निरंजन रोज सुबह अपने गांव बिरेझर से साइकिल से निकल जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीजामगांव में पदस्थ अंग्रेजी विषय के व्याख्याता निरंजन साहू इन दिनों शिक्षा के प्रति अपनी अनूठी पहल को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं। वे प्रतिदिन सुबह 5 बजे जीजामगांव, गणेशपुर और मुल्ले गांव के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को उनके घर जाकर जगाते हैं और उन्हें सुबह जल्दी उठकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित करते हैं। यह प्रेरणादायक अभियान पिछले नवंबर माह से लगातार जारी है।

वर्तमान में छमाही परीक्षाएं चल रही हैं और फरवरी में बोर्ड परीक्षाएं प्रस्तावित हैं। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए व्याख्याता निरंजन साहू रोज सुबह अपने गांव बिरेझर से साइकिल पर निकलकर तीनों गांवों में विद्यार्थियों के घर-घर पहुंचते हैं। वे न केवल बच्चों को जगाते हैं, बल्कि पालकों को भी बच्चों की पढ़ाई के प्रति जागरूक करते हुए सुबह जल्दी उठाने के लिए प्रेरित करते हैं।

उनका मानना है कि सुबह का समय अध्ययन के लिए सबसे उपयुक्त होता है। इस समय वातावरण शांत रहता है और पढ़ा हुआ विषय विद्यार्थियों के मस्तिष्क में जल्द बैठता है।  विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहे, इसके लिए वे पालक-विद्यार्थी जागरूकता अभियान भी चला रहे हैं, जो आगामी वार्षिक परीक्षा तक जारी रहेगा।

शाला विकास समिति के अध्यक्ष शुभमदास बघेल, सरपंच देवचरण चंद्राकर, भोजराज साहू, युवलाल चेलक, पूर्व प्राचार्य पीएम नेताम, होरीलाल साहू, अरुण साहू, अशोक साहू सहित अनेक ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने उच्चतम शैक्षिक उपलब्धियों के लिए व्याख्याता निरंजन साहू को शिक्षा श्री सम्मान 2025 से सम्मानित किया है। वे अंचल के जाने-माने कवि, उद्घोषक और विशिष्ट शिक्षण शैली के लिए भी प्रसिद्ध हैं।

# बनबगौद स्कूल में गणित, विज्ञान क्विज स्पर्धा हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शासकीय माध्यमिक शाला बनबगौद में गणित एवं विज्ञान क्विज प्रतियोगिता हुई जिसमें माध्यमिक शाला के छठवीं से आठवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के सात समूह बनाए गए जिसके नाम श्रीनिवास रामानुजन, आर्यभट्ट, वराहमिहिर, सत्येंद्रनाथ बोस, रॉबर्ट ब्राउन, बीरबल साहनी ब्रह्मगुप्त रखे गए।  संस्था के प्रधानपाठक चंदूलाल चंद्राकर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जायसवाल थे। विशिष्ट अतिथि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से प्रमोद महाराणा थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ आशीष नायक  व्याख्याता बाजार कुर्रीडीह ने किया। विज्ञान विषय की प्रश्नोत्तरी लोकेश निर्मलकर ने की। जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम की प्रशंसा कर विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। कहा कि आगे भी ऐसी रोचक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं ताकि बच्चों में गणित व विज्ञान विषय के प्रति रुचि उत्पन्न हो। मौके पर प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक विजय कुमार सुरपाम, अहमद रज़ा खान, निर्मला मरकाम, श्वेता वासनिक, लोकेश निर्मलकर ,प्रमोद साहू, राजेंद्र नागवंशी एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थे ।


Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### बालाजी दिव्यांग स्कूल के छात्रों को मिला प्रशिक्षण



**धमतरी।** छग रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत जिलाधीश अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसा डिप्टी कलेक्टर डां कल्पना ध्रुव, डा. मनीषा पाण्डे उपसंचालक समाज कल्याण विभाग के मार्गदर्शन एवं दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति के सहयोग से नगरी विकासखंड के बालाजी दिव्यांग स्कूल देऊरपारा में दिव्यांग छात्रों को गोबर की धूपबत्ती, समरानी कप , हवन कुंड, शुभ लाभ, गोबर के दीये बनाने का प्रशिक्षण डां पोषण सिन्हा एवं दोना पत्तल बनाने का प्रशिक्षण होलाराम एवं रामेश्वरी साहू दवारा दिया गया। इस प्रशिक्षण में बालाजी स्कूल के खेमराज साहू, बसंत कुमार विश्नोई, संतोषी, घनश्याम सिंह साहू, डेरहाराम, सोमन, मिलापराम, ओमप्रकाश, कुमारी यादव, पार्वती का सहयोग रहा।

### नवकार महिला मंडल ने बेबी कंबल वितरित किया



**धमतरी।** आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वास्थ्य का ध्यान रखना अति आवश्यक हो गया है। इस कड़कती ठंड में जो लोग निर्धन हैं और जिनके पास अपने बच्चों के तन को भली भांति ढंकने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। उनकी दशा को देखते हुए नवकार महिला मंडल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर बच्चों को बेबी कंबल वितरित किया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य की डॉ रेहाना कदीर ने मंडल के इस कार्य की प्रशंसा की। डॉ पूजा जैन ने मंडल का आभार व्यक्त किया। मौके पर मंडल की अध्यक्ष संतोष मिनी, सचिव कुसुम गोलछा, कंचन चोपड़ा, शकुन पिंचा, ज्योति भंसाली, दुर्गा प्रीति छाजेड़ समेत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी स्टाफ उपस्थित थे।

### खतरे की आशंका के बीच पढ़ने की मजबूरी

- ग्राम बुड़ेनी में नवीन स्कूल भवन की मांग



**धमतरी।** ग्राम पंचायत बुड़ेनी ने नवीन प्राथमिक शाला भवन की स्वीकृति प्रदान करने की मांग कलेक्टर से की है। मगरलोड के ग्राम पंचायत बुड़ेनी के सरपंच खेमू साहू तथा ग्राम सचिव ने सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन कर कहा है कि गांव में संचालित प्राथमिक शाला भवन जीर्णशीर्ण हो चुका है। भवन कभी भी गिर सकता है। जगह के अभाव तथा अतिरिक्त कक्ष नहीं होने से प्राथमिक शाला की कक्षाएं जर्जर भवन में ही लगाई जा रही हैं। अनुविभागीय अधिकारी कुरूद ने स्थल निरीक्षण कर शाला भवन को डिस्मेंटल करने का आदेश दिया है। ग्रामीणों ने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शीघ्र नवीन शासकीय प्राथमिक शाला भवन की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है।

### जननी सेवा संस्थान ने किया वृद्धजनों का सम्मान



**धमतरी।** जननी सेवा संस्थान अर्जुनी द्वारा वृद्धाश्रम रूद्री एवं महिमासागर वार्ड, गोकुलपुर में वृद्धजनों को फल, मिठाई, कंबल भेंटकर सम्मानित किया गया। वृद्धजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष जननी सेवा संस्थान अर्जुनी श्रीमती अश्विनी गजेंद्र, बाल्मीकि सागर उपाध्यक्ष यन्जुला सिन्हा, कोषाध्यक्ष अंकित जैन, संयोजक शेषनारायण गजेंद्र कार्यक्रम अधिकारी, लोकेश साहू फ्रीडम एकेडमी, आकाशगिरी गोस्वामी जिला संगठक इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, श्रीमती प्राप्ति वासानी, चेयरमेन रेडक्रास दानवीर गजेंद्र, राजा देवांगन, कुणाल, प्रशांत साहू, विनेश कर्मवीर ने सहयोग किया।

### अग्निवीर भर्ती रैली के लिए प्रवेश पत्र जारी

- 10 से 24 जनवरी तक इंडोर स्टेडियम धमतरी में रैली

**धमतरी।** अग्निवीर भर्ती रैली के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। यह भर्ती रैली 10 से 24 जनवरी 2026 तक इंडोर स्टेडियम धमतरी (छत्तीसगढ़) में आयोजित की जाएगी। रैली में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरुष अभ्यर्थी भाग लेंगे। इस भर्ती रैली के अंतर्गत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, स्टोर कीपर तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन (दसवीं एवं आठवीं पास) पदों हेतु चयन प्रक्रिया संपन्न होगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना द्वारा 30 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था, जिसमें सफल अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा सहित अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग लेने के पात्र होंगे।

## 100 फ्लैट निर्माण सहित करोड़ों के विकास कार्य का प्रस्ताव शासन को भेजा गया : रामू

# धमतरी को विकास और आवास की मिलेगी दोहरी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




नगर निगम द्वारा शहर के सर्वांगीण विकास और जरूरतमंद नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। नगर निगम महापौर रामू रोहरा ने जानकारी दी कि शहर के विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों का प्रस्ताव शासन को भेजा गया जिन्हें आगामी बजट में शामिल करने का प्रावधान किया गया है। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद इन योजनाओं पर कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जिससे शहर की अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी और गरीब परिवारों को राहत मिलेगी।

महापौर रामू रोहरा ने बताया कि शहर के चार प्रमुख क्षेत्रइंद्रप्रस्थ कॉलोनी, महिमासागर वार्ड, रामबाग तथा सिहावा रोड क्षेत्र में कुल 100 आवासीय फ्लैटों के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इन फ्लैटों का निर्माण विशेष रूप से उन परिवारों के लिए किया जाएगा, जो वर्तमान में अस्थायी रूप से निवास कर रहे हैं अथवा आवास की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। शासन की स्वीकृति मिलने पर इन परिवारों को सुरक्षित और स्थायी आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

शहर के अन्य विकास कार्यों की जानकारी देते हुए महापौर ने बताया कि नगर नियोजन को सुदृढ़ बनाने के लिए टाउनशिप प्लानिंग ऑफिस की स्थापना हेतु 1 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा गया है। इसके अलावा शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के उद्देश्य से सिहावा चौक से कोलियारी चौक तक लगभग 5 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण के लिए 59 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं धमतरी-रूद्री मार्ग से जनपद पंचायत कॉलेज तक सड़क चौड़ीकरण के लिए 3 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है।

शैक्षणिक अधोसंरचना के विस्तार को लेकर भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। शासकीय महाविद्यालय के विधि संकाय भवन निर्माण के लिए 5 करोड़ 66 लाख रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। साथ ही शासकीय महाविद्यालय कंडेल भवन का टेंडर पूर्ण हो चुका है, जिसकी लागत 4 करोड़ 73 लाख रुपये है और इसे भी बजट प्रावधान में शामिल किया गया है।

महापौर ने बताया कि दानीटोला स्कूल से ट्रेंचिंग ग्राउंड तक सड़क निर्माण के लिए 3 करोड़ 61 लाख रुपये का प्रस्ताव भेजा गया है। इसके अलावा विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए नालंदा सेंटर की 500 सीटर आधुनिक लाइब्रेरी के निर्माण हेतु 11 करोड़ 45 लाख रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। रत्नाबांधा रोड और सिहावा रोड को फोरलेन करने का प्रस्ताव बजट में शामिल किया गया है। महापौर रामू रोहरा ने स्पष्ट किया कि रेलवे भूमि से हटाए गए कुछ लोग वर्तमान में डागा धर्मशाला क्षेत्र में अस्थायी रूप से रह रहे हैं। ये व्यवस्थाएं स्थायी नहीं हैं और विकास कार्य शुरू होने पर उन्हें हटाया जाएगा। ऐसे परिवारों को प्रस्तावित 100 फ्लैट में प्राथमिकता दी जाएगी। शासन से जल्द स्वीकृति मिलने के बाद इन सभी योजनाओं पर तेजी से कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जिससे धमतरी शहर को विकास की नई दिशा मिलेगी।

## प्रदूषण बोर्ड प्रमाण-पत्र की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग

**होम्योपैथिक चिकित्सकों ने राज्य होम्योपैथी परिषद के नाम सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रदूषण बोर्ड और वेस्ट प्रोडक्ट के प्रमाण-पत्र की अनिवार्यता को समाप्त करने के संबंध में होम्योपैथिक चिकित्सकों ने राज्य होम्योपैथी परिषद के नाम सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा।

चिकित्सकों ने बताया कि होम्योपैथिक क्लिनिक में किसी भी प्रकार का बायो मेडिकल वेस्ट नहीं निकलता है तो प्रदूषण बोर्ड प्रमाण-पत्र का सवाल ही नहीं उठाता। फिर भी प्रदूषण बोर्ड से प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होता है। मध्यप्रदेश में जारी हुए आदेश का उल्लेख करते हुए बताया कि छग होम्योपैथिक चिकित्सकों से पूर्व में प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र एवं बायो मेडिकल वेस्ट प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ था। चूंकि होम्योपैथिक चिकित्सकों के क्लिनिक में किसी प्रकार का वेस्ट नहीं प्राप्त होता है। इसी संदर्भ के आधार पर प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं बायो वेस्ट प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की अनिवार्यता समाप्त की जाए। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल द्वारा होम्योपैथी परिषद भोपाल को होम्योपैथी क्लिनिक से बायो मेडिकल वेस्ट प्रमाण पत्र की अनिवार्यता समाप्त करने आदेश जारी किया जा चुका है।

आवेदन देने वालों में डॉ भूपेंद्र साहू, डॉ पपेश जैन, डॉ गोपेश साहू, डॉ राधेश्याम गुप्ता, डॉ गिरधरलाल साहू, डॉ देवेश सिन्हा सहित अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

## जेल में गूंजा गुरु बाबा का संदेश

- बंदियों ने जेल में स्थापित जैतखाम में श्वेत पताका चढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



जिला जेल में धूमधाम से बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। इस दौरान पंथी नृत्य के माध्यम से बाबा का संदेश दिया गया। गुरु बाबा की जयंती के उपलक्ष्य में जेल में पूड़ी, सब्जी, हलुआ और खीर का वितरण किया गया।

पूरे अंचल में धूमधाम से बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई जा रही है। जिला जेल में भी 18 दिसंबर को बाबा की जयंती मनाई गई। बंदियों द्वारा जेल में स्थापित जैतखाम में श्वेत पताका चढ़ाकर पूजा-अर्चना करते हुए बाबा गुरू घासीदास के जीवन संदेश को पंथी नृत्य एवं गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। जेल के बंदियों को प्रसाद का वितरण किया गया। गुरू पर्व के अवसर पर विशेष आहार पूड़ी, सब्जी, हलुवा व खीर का वितरण किया गया। जयंती के उपलक्ष्य जेल में मद्य निषेध दिवस का आयोजन किया गया। अधिकारी-कर्मचारियों एवं बंदियों ने स्वयं नशा नहीं करने और समुदाय, परिवार मित्र को भी नशामुक्त का संदेश देने की शपथ ली। सहायक जेल अधीक्षक एनके डहरिया ने बंदियों को संबोधित करते हुए बाबा गुरू घासीदास के संदेश, सत्य अहिंसा, समानता और मानवता के आदर्शों पर चलने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि बाबाजी का संदेश मनखे–मनखे एक बराबर, समाज में समानता का संदेश देता है एवं अंधविश्वास, भेदभाव व जातिवाद के खिलाफ सभी मानव को जागरूक रहने व सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

## छात्राओं की आवाज बनेगी 'बेटी की पेटी'

- अभिनव पहल: छात्राएं बिना किसी संकोच के अपनी बात ग्राम पंचायत तक पहुंचा सकेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



ग्राम पंचायत सोरम ने छात्राओं की समस्याओं, सुझावों और शिकायतों को सुरक्षित व गोपनीय रूप से सामने लाने के उद्देश्य से एक सराहनीय और अभिनव पहल की है। इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरम में बेटी की पेटी की स्थापना की गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां वे बिना किसी संकोच या भय के अपनी बात ग्राम पंचायत तक पहुंचा सकें।

ग्राम पंचायत कार्यालय द्वारा विद्यालय प्रबंधन को जारी पत्र में जानकारी दी गई कि पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राएं अपनी समस्याएं, सुझाव अथवा शिकायतें लिखकर बेटी की पेटी में डाल सकेंगी। पेटी में प्राप्त पत्रों का अवलोकन ग्राम पंचायत की बैठक में किया जाएगा और पूरी प्रक्रिया को पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा, ताकि छात्राओं की पहचान और सम्मान सुरक्षित रहे।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों और विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति में बेटी की पेटी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सरपंच, सचिव, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्राचार्य ने ग्राम पंचायत की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे छात्राओं को सशक्त होने का अवसर मिलेगा और उनकी समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान संभव हो सकेगा।

## रामलीला मैदान में 23 से श्रीराम कथा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

विंध्यवासिनी मंदिर स्थित रामलीला मैदान में 23 दिसंबर से 31 दिसंबर तक श्रीराम कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। शहर के सभी 40 वार्डों में पांपलेट वितरित कर स्थानीय निवासियों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को कथा स्थल तक लाने और धर्मगंगा में स्नान करवाने की योजना बनाई गई। कार्यकर्ताओं को व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां बांटी गईं। 28 और 29 दिसंबर की रात भक्ति श्याम भजन संध्या आयोजित होगी, जिसमें वृंदावन से आई राधा किशोरी अपने भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगी। 30 दिसंबर को अनामिका अंबर जैन श्रीराम भक्ति पर आधारित काव्यात्मक भजन प्रस्तुत करेंगी। आयोजक पं. राजेश शर्मा ने कहा कि श्रीराम कथा समाज को संस्कार और भक्ति से जोड़ने का माध्यम है। 23 दिसंबर को दीप प्रज्वलन के साथ कथा का शुभारंभ होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। 24 दिसंबर को शिव पार्वती विवाह, 25 को श्रीराम जन्मोत्सव, 26 को बाललीला एवं अहिल्या उद्धार, 27 को श्रीराम सीता विवाह, 28 को वनवास एवं केंवट प्रसंग, 29 को भरत चरित्र एवं शबरी प्रसंग, 30 को सुंदरकांड और 31 दिसंबर को श्रीराम राजतिलक, हवन पूर्णाहुति और प्रसादी वितरण होगा।

## लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग

- टीचर्स एसोसिएशन ने स्कूल शिक्षा विभाग को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने स्कूल शिक्षा विभाग में लंबित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष धमतरी डॉ. भूषणलाल चंद्राकर, प्रांतीय उपाध्याय देवनाथ साहू, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र पारिक, सविता छाटा, जिला सचिव बलराम तारम ने बताया कि संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय एवं उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय से मुलाकात कर शिक्षकों की पदोन्नति, टीईटी अनिवार्यता, पेंशन एवं क्रमोन्नति से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल ने सभी संवर्ग की शेष पदोन्नति प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण करने, टीईटी अनिवार्यता के निर्णय के विरुद्ध माननीय सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप पुनर्विचार याचिका दायर करने तथा पेंशन एवं क्रमोन्नति संबंधी लंबित मांगों के त्वरित निराकरण की मांग रखी। चर्चा के दौरान उप संचालक लोक शिक्षण आशुतोष चावरे, एएन बंजारा, सहायक संचालक एचसी दिलावर एवं ए.डी. कुर्रे ने बताया कि प्राथमिकता के आधार पर प्राचार्य के रिक्त पदों पर पदोन्नति, व्याख्याता पदोन्नति एवं रायपुर संभाग में प्रधान पाठक पदोन्नति की कार्ययोजना बनाई जा रही है। टीईटी के विषय में शिक्षकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

संघ द्वारा मांग की गई कि शेष रिक्त प्राचार्य पदों पर शीघ्र पदोन्नति, 10 प्रतिशत प्राचार्य पदों पर विभागीय परीक्षा, व्याख्याता ई-संवर्ग पदोन्नति, सभी जिलों में प्रधानपाठक व शिक्षक पदों पर तय कैलेंडर अनुसार पदोन्नति, एलबी संवर्ग की पूर्व सेवा गणना कर पेंशन निर्धारण तथा रायपुर संभाग में पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक पदों पर पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ की जाए।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, प्रांतीय सचिव मनोज सनाढ्य सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## निधन

### जगदीश यादव



**धमतरी।** महिमासागर वार्ड निवासी जगदीश यादव का 85 वर्ष की आयु में 18 दिसम्बर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 12 बजे श्मशान घाट में किया गया। उनके निधन पर कोसरिया यादव समाज ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### अर्जुन यादव



**धमतरी।** ग्राम रावनगुड़ा के वरिष्ठ ग्रामीण अर्जुन यादव का 17 दिसंबर को निधन हो गया। उनके अंत्येष्टि में समाजजन सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। वे रावनगुड़ा निवासी मन्नूराम, मानसिंग, नंदाराम, मणिराम, मनोहर यादव के पिता थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### डॉक्टर के घर काम करने वाली ही निकली ...

गिरफ्तार कर अन्तर्राज्यीय इनकम टैक्स रेड गिरोह का पर्दाफाश किया। विवेचना के दौरान गिरफ्तार आरोपी श्रवण ध्रुव के बयान से यह जानकारी सामने आई कि डॉ. राठौर के घर में कार्यरत महिला कर्मी सुनैना सोनी उर्फ मोना ने ही गिरोह को डॉक्टर के घर में बड़ी मात्रा में नगद राशि-ब्लैक मनी होने की जानकारी दी थी।

### कांग्रेस ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव

दीपक सोनकर, नरेंद्र सोनवानी, घामेश्वरी साहू, शास्त्री सोनवानी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र साहू, जानसिंग यादव, शरीफ रोकड़िया, राजेश ठाकुर, राजेश पांडे, विशु देवांगन, राजेंद्र सोनी, विक्रांत शर्मा, अविनाश मरोठे, रजत सोनकर, तारिक रज़ा कादरी, चन्द्रप्रकाश देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए आगे भी संघर्ष जारी रखेगी। प्रदर्शन के दौरान बैनर में पैर फंसने से सिहावा विधायक अंबिका मरकाम और पूर्व विधायक लेखराम साहू गिर पड़े। गिरने से लेखराम साहू के हाथ में चोट आई और खून निकलने लगा। मौके पर मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तुरंत दोनों नेताओं को संभाला। वहीं नेशनल हेराल्ड मामले में अदालत से कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी को बड़ी राहत मिलने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी में उत्साह का माहौल देखा गया।

## विद्यालय, संभाग एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

# अज़ीम प्रेमजी हाईस्कूल में खेल मड़ई, महिला फुटबॉल में भी रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी






ग्राम शंकरदाह स्थित अज़ीम प्रेमजी हाई स्कूल में 13 दिसंबर को वार्षिक खेल उत्सव खेल मड़ई 2025-26 का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके पालक, समुदाय के सदस्य, प्रबंधन समिति के सदस्य, अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन के प्रतिनिधि एवं शिक्षकगण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण पालकों, शिक्षकों एवं समिति सदस्यों के लिए आयोजित खेल प्रतियोगिताएं रहीं, जिन्होंने सभी को अपने छात्र जीवन की यादों से जोड़ दिया।

खेल मड़ई का शुभारंभ राष्ट्रगान एवं राज्यगीत के साथ हुआ। इसके पश्चात मशाल प्रज्ज्वलन कर खिलाड़ियों को खेल शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय, संभाग एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खेलों के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण, स्वास्थ्य संवर्धन एवं जीवन कौशल के विकास पर विशेष प्रकाश डाला गया।

नर्सरी से कक्षा 11वीं तक के विद्यार्थियों के लिए रेस, चॉकलेट रेस, बोरा रेस, फ्रॉग जंप, रस्साकसी, कबड्डी, डॉज बॉल, क्रिकेट एवं बर्स्ट द बैलून जैसी विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। एरोबिक्स वॉर्म-अप ने बच्चों में ऊर्जा का संचार किया। अभिभावकों ने भी खेलों में भाग लेकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

इसी क्रम में अज़ीम प्रेमजी हाई स्कूल की महिला फुटबॉल टीम ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रुद्री ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए मगरलोड की टीम को 1-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। विजयी गोल रश्मि ध्रुव ने किया, जिन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई। यह सफलता महिला खेलों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## अंचल की खबरें

### सर्व हिंदू समाज ने बाबा घासीदास को किया नमन



**धमतरी।** सर्व हिंदू समाज ने घासीदास जयंती की पूर्व संध्या में जोधापुर जाकर गुरु बाबा को नमन करते हुए पूजा-अर्चना की। पूरे धमतरी क्षेत्र के लिए सुख, शांति, समृधि की कामना की। सतनामी समाज के पदाधिकारियों से भेंटकर संगठनात्मक चर्चा कर सामाजिक एकता अखंडता पर पर जोर दिया। सर्व हिंदू समाज के मंच पर सभी समाज को एकत्र करने की बात कही। मौके पर सर्व हिन्दू समाज के जिलाध्यक्ष महेश रोहरा, जिला महासचिव अशोक पवार, जिला उपाध्यक्ष हरजिंदर सिंघ छाबड़ा, रमेश लहरे, सहसचिव पवन अग्रवाल, संगठन मंत्री वरुण राय, मीडिया प्रभारी दिलीप पटेल, सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे, पूर्व अध्यक्ष आरपी सम्भाकर, चैनदास रात्रे, जेएल पाटले, एसएल सोनवानी, श्री चेलक उपस्थित थे।

### गुरु घासीदास ने समाज को भाईचारे का संदेश दिया : कौशिल्या



**धमतरी।** गुरु घासीदास जयंती पर नगर निगम सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने सोरिद वार्ड स्थित अटल आवास में पूजा-पाठ किया। सभापति ने गुरु घासीदास के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया तथा उनके बताए सत्य, अहिंसा और मानवता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास ने समाज को समानता, भाईचारे और अंधविश्वास से मुक्त होकर सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनका संदेश आज भी समाज के लिए प्रासंगिक है। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन एवं सामूहिक प्रार्थना का आयोजन किया गया।

### पाइपलाइन विस्तार कार्य में आई तेजी



**धमतरी।** नगर निगम अंतर्गत जल आवर्धन योजना के तहत शहर के जिन वार्डों में गंगरेल जल की पाइपलाइन का विस्तार अब तक नहीं हुआ है, वहां पाइपलाइन विस्तार कार्य में तेजी लाई जा रही है। जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर ने स्वयं मौके पर उपस्थित होकर उच्च अधिकारियों को पाइपलाइन का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इसी क्रम में शहर के बांसापारा वार्ड में माता मंगल भवन के सामने वाली गली में पाइपलाइन विस्तार का कार्य किया जा रहा है।

### शिक्षकों को निष्ठा, समर्पण एवं उत्कृष्ट कार्य करने की दी प्रेरणा

- सेवानिवृत्त प्रधानपाठक भानुराम को दी विदाई, नवपदोन्नत प्रधानपाठकों का हुआ सम्मान

**नगरी।** संकुल केंद्र सिहावा एवं चर्रा के संयुक्त तत्वावधान में माध्यमिक शाला चर्रा में पदस्थ सेवानिवृत्त प्रधानपाठक भानुराम देव के सम्मान में विदाई समारोह तथा नवपदोन्नत एवं स्थानांतरित प्रधान पाठकों के स्वागत सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षकों ने प्रधानपाठक भानुराम देव को ससम्मान विदाई दी। उल्लेखनीय है कि श्री देव ने माध्यमिक शाला चर्रा में 20 वर्षों से अधिक समय तक संस्था प्रमुख के रूप में सेवाएं दीं। उनके कार्यकाल में विद्यालय एवं संकुल स्तर पर अनेक शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों का सफल संचालन हुआ। विगत वर्ष दोनों संकुलों की संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का चर्रा में सफल आयोजन भी उनके नेतृत्व में संपन्न हुआ, जो आज भी शिक्षकों के लिए स्मरणीय है। विदाई अवसर पर श्री देव ने अपने भावुक संबोधन में शिक्षकीय जीवन के अनुभव साझा करते हुए सभी शिक्षकों को निष्ठा, समर्पण एवं उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर संकुल सें स्थानांतरित एवं पदोन्नत शिक्षकों का स्वागत सम्मान किया गया। इनमें कोमलु राम नेताम, महादेव साहू, रोशन शांडिल्य, भारती ठाकुर, महेश्वरी सिन्हा, मोना परिहार, पूनम सोनवानी, चमन लाल साहू, राकेश गायकवाड़, रश्मि देवी सोरी, रमला मरकाम, ललित श्रीवास, टिकेश साहू, लक्ष्मी ध्रुव, तोमल साहू, यशवंत दिडेकर, रामकिशोर सिन्हा, चंद्रकला पुजारी, श्रद्धा कश्यप, पवन देवांगन एवं बोधिनी यदु शामिल रहे। साथ ही माध्यमिक शाला में नवपदोन्नत प्रधानपाठक श्रीमती ताज बेगम, गणेशिया नवरंगे एवं प्रकाशचंद साहू का भी सम्मान किया गया।

धान नहीं बिकने से किसान हो रहे परेशान

# खुले बाजार में भाव नहीं, समर्थन मूल्य पर धान बेचने लंबा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नए धान की आवक शुरू होने के बाद खुले बाजार में धान का भाव काफी कम हो गया है। कस्टम मिलिंग सहित अन्य कारणों से कई मिलर्स तो धान की खरीदी ही नहीं कर रहे हैं। कुछ मिलों में मेंटनेंस का काम चल रहा है। इन कारणों से भी बाजार में धान को पर्याप्त भाव नहीं मिल रहा है।

इस साल किसान काफी परेशान हो रहे हैं। खरीदी केंद्रों में धान बेचने के लिए टोकन नहीं कट रहा है, वहीं खुले बाजार में धान को पर्याप्त भाव नहीं मिल रहा है। स्थिति यह है कि किसान खर्चों की पूर्ति के लिए न तो मंडी में धान बेच पा रहे हैं और न ही समर्थन मूल्य पर। उल्लेखनीय है कि खरीफ सीजन की धान कटाई के बाद खरीदी केंद्र से लेकर बाजार तक भरपूर धान उपलब्ध है। उधर अधिकांश राइस मिलों में कस्टम मिलिंग का काम शुरू हो गया है, जिसके चलते वे खुले बाजार से धान का उठाव नहीं के बराबर कर रहे हैं। कुछ राइस मिलें ऐसी हैं, जहां पर कस्टम मिलिंग, फ्री सेल का काम शुरू करने से पहले मेंटनेंस का काम किया जा रहा है। इन सब कारणों से खुले बाजार में धान के खरीदार कम हो गए हैं। धान ज्यादा और खरीदार कम होने से कम्पीटिशन नहीं के बराबर है। यही कारण है कि बाजार में धान को भाव बिल्कुल भी नहीं मिल रहा है।



#### साहूकारों की शरण में किसान

कटाई -मिंजाई के बाद धान समय पर नहीं बिकने से किसानों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। कटाई, मिंजाई के बाद नई फसल की बोनी भी हो चुकी है। ऐसे में किसान पूरी पूंजी खेती में लगा चुके हैं। मजदूरी, मशीन सहित अन्य खर्च के लिए उनकी जेब खाली हो चुकी है। मजबूरी में इन खर्चों की पूर्ति के लिए साहूकारों की शरण में जा रहे हैं। धान बिकने के बाद उन्हें ब्याज सहित साहूकारों को राशि लौटानी होगी।

#### 22 सौ में सिमटा गोल्डन

गोल्डन सांभा का मूल्य सामान्यतः 24-25 सौ रुपए तक रहता है। इस सीजन में इसका भाव 22 सौ रुपए में सिमट गया है। गुरुवार को यह 2190 रुपए प्रति क्विंटल में बिका। आईआर 64 वैरायटी का धान 1960 रुपए प्रति क्विंटल, सांभा धान 23 सौ रुपए प्रति क्विंटल में बिका। सरोना धान को तो 19 सौ रुपए प्रति क्विंटल का भी भाव नहीं मिल रहा है। मंडी में स्थिति देखें तो एक दो राइस मिलर्स ही खरीदी करने पहुंच रहे हैं। वहीं भाव को देखते हुए धान की आवक भी काफी कम है।

## 19 हितग्राहियों को 19.80 लाख का भुगतान




- प्रधानमंत्री आवास योजना 2 .0 के तहत आमदी नगर पंचायत की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत नगर पंचायत आमदी द्वारा आवास निर्माण को गति देने निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। योजना के तहत अब तक कुल 19 हितग्राहियों को 19.80 लाख रुपये की अनुदान राशि का भुगतान किया जा चुका है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक शुक्ला ने बताया कि आगामी 13 हितग्राहियों के भुगतान हेतु 5.88 लाख रुपये का बिल डीडीओ कार्यालय में प्रेषित कर दिया गया है। स्वीकृति प्राप्त होते ही संबंधित हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित कर दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि बीएलसी (प्रथम) एवं प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत निर्माणाधीन सभी आवासों में निर्माण कार्य नियमानुसार पूर्ण होने पर शत-प्रतिशत अनुदान राशि का भुगतान किया जाएगा। श्री शुक्ला ने यह भी स्पष्ट किया कि नगर पंचायत आमदी में हितग्राही अनुदान की किसी प्रकार की कमी नहीं है। पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध रूप से लाभ पहुंचाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## हथियार नियमावली का उल्लंघन करने पर लाइसेंसी का शस्त्र लाइसेंस निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शस्त्र लाइसेंस धारक द्वारा बिना निर्धारित फाइरिंग रेंज की आम जगह पर टेस्ट फायर करना, शस्त्र नियमावली का उल्लंघन करना तथा शस्त्र प्रदर्शन को सार्वजनिक शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा मानते हुए पुलिस द्वारा लाइसेंसी के खिलाफ तत्पर कड़ी कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार द्वारा लाइसेंस धारियों के शस्त्रों एवं ईशु राउंड्स की चेकिंग के लिए कोतवाली पुलिस को निर्देशित किया गया। सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की जांच में स्पष्ट रूप से पाया कि शुभम सोनी द्वारा हथियार लाइसेंस की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन किया गया है। कोतवाली प्रभारी राजेश मरई द्वारा पुलिस अधीक्षक की ओर से प्रतिवेदन भेजा गया। जिसमें शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की अनुशंसा करते हुए एसपी ने कलेक्टर को अनुशंसा पत्र अग्रेषित किया। जिस पर यह आदेश हुआ कि सार्वजनिक शांति व लोक न्याय में आयुष अधिनियम 1959 के अध्याय 3 की कंडिका 17 के उपखण्ड 3-ख के अनुसार शुभम सोनी पिता दिलीप सोनी मोटर स्टैण्ड वार्ड धमतरी निवासी को जारी शस्त्र अनुज्ञप्ति-शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाती है।

#### हथियारों का उपयोग वैधानिक उद्देश्य के लिए करें : एसपी

एसपी श्री परिहार ने आम नागरिकों से अपील की है कि लाइसेंसी हथियारों का उपयोग केवल वैधानिक एवं निर्धारित उद्देश्यों के लिए करें। हथियारों का प्रदर्शन अथवा निर्धारित फाइरिंग रेंज के अतिरिक्त व बिना सुरक्षा व्यवस्था के फाइरिंग जैसा कृत्य कानूनी अपराध है जिन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस तरह के किसी भी गैर कानूनी कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## नगर पंचायत क्षेत्र में होगा पेयजल समस्या का स्थायी समाधान

- विधायक अजय के प्रयास से 16 करोड़ की जलापूर्ति परियोजना बजट में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

भखारा-भठेली नगर पंचायत क्षेत्र में वर्षों से चले आ रहे जल संकट के स्थायी समाधान की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए विधायक अजय चंद्राकर के भागीरथ प्रयास से 16 करोड़ रुपये से भी अधिक लागत की महत्वपूर्ण जलापूर्ति परियोजना को राज्य शासन के बजट में शामिल किया गया है। इस उपलब्धि से





नगरवासियों में हर्ष है।

नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन के नेतृत्व में नगर पंचायत की टीम ने इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। इस अवसर पर ज्योति जैन ने कहा कि विधायक अजय चंद्राकर की दूरदृष्टि, सतत प्रयास और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता के कारण यह बहुप्रतीक्षित योजना अब साकार रूप ले रही है। 16 करोड़ से अधिक की इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद नगर पंचायत क्षेत्र में पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान होगा और प्रत्येक घर तक सुचारु एवं सुरक्षित जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि नगर अध्यक्ष ज्योति जैन ने शपथ ग्रहण के बाद से ही इस विषय पर विधायक का ध्यान आकर्षण कराया था और विधायक ने तत्परता से संबंधित विभाग को निर्देशित किया जिन्होंने निरीक्षण कर योजना को मूर्त रुप दिया।

## छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का कलम बंद-काम बंद आंदोलन 29 से



- 11 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई मगरलोड की बैठक बीआरसीसी कार्यालय मगरलोड में हुई। 11 बिंदुओं को लेकर छत्तीसगढ़ के सभी जिले के अधिकारी कर्मचारी 29 से 31 दिसंबर तक सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल पर रहेंगे। जिला स्तरीय कलम बंद - काम बंद आंदोलन के तहत धरना- प्रदर्शन किया जाएगा। ब्लॉक इकाई मगरलोड के शिक्षक संवर्ग, अधिकारी कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। बैठक में

जिले की टीम द्वारा रणनीति बनाई गई। मोदी की गारंटी लागू करवाने के लिए कर्मचारियों को अपनी आवाज बुलंद करते हुए सामूहिक अवकाश आवेदन फार्म भरकर धरना प्रदर्शन में शामिल होने निर्णय लिया गया। बैठक में जिला प्रवक्ता खुमान सिंह ठाकुर एवं जिला महासचिव अमित महोबे, जिला प्रतिनिधि ममता खालसा एवं गौरी गुप्ता समेत अन्य उपस्थित थे। संयुक्त बयान में कहा कि सरकार के दो वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक कर्मचारी हित में कोई भी निर्णय नहीं लिया गया है जिसके कारण कर्मचारी अधिकारी आंदोलन करने के लिए बाध्य हैं। आंदोलन में शामिल होने की अपील ब्लॉक संयोजक दयाराम साहू, प्रवक्ता डेवेश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष सियाराम कुर्रे, सचिव मुकेश साहू, प्रचारमंत्री बेदराम साहू, सहप्रवक्ता खिलेश्वर सोनबेर, मीडिया प्रभारी प्रेमलाल साहू, नरेन्द्र साहू, छगनलाल साहू, चन्द्रशेखर साहू, नरेन्द्र सिन्हा समेत अन्य शिक्षकों ने की है।




मितानिन, ग्रीन आर्मी, महिला कमांडो का किया गया सम्मान

## मनखे-मनखे एक समान के संदेश को जीवन में करें चरितार्थ : प्रतिभा

- अछोटी में 6 .50 लाख के सामुदायिक भवन का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम अछोटी में सतनामी समाज के तत्वावधान में 18 दिसंबर को गुरु घासीदास बाबा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मंचीय कार्यक्रम जयस्तंभ चौक के पास दोपहर 12 बजे शुरु हुआ। इस दौरान तुलसी कीर्तन सग्गे कका भतीजा मंगल भजन ग्राम बंजारी की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रतिभा अजय चंद्राकर थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिशंकर सोनवानी अध्यक्ष अजजा मोर्चा जिला धमतरी ने की।

विशिष्ट अतिथि रागिनी मिश्रा एसडीओपी कुरूद, गौकरण साहू



उपाध्यक्ष जिपं धमतरी, डा. लोकेश साहू अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल, थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल, उर्वशी बांधेकर जनपद सदस्य, आनंद साहू उपसरपंच अछोटी, पुराणिक साहू पूर्व जनपद सदस्य, रजऊराम साहू पूर्व सरपंच, जोहतूराम साहू पूर्व अध्यक्ष हाईस्कूल अछोटी, वासुदेव चंद्राकर पूर्व जनपद सदस्य, रामाराम साहू अछोटी थे। सतनामी समाज के पदाधिकारी और सामाजिकजनों ने गुरु घासीदास की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम का मंच संचालन पूरणलाल घृतलहरे सरपंच अछोटी ने किया।

कार्यक्रम में 6.50 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुख्य अतिथि प्रतिभा चंद्राकर ने किया। मुख्य अतिथि प्रतिभा चंद्राकर ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा ने मनखे- मनखे एक समान का जो संदेश दिया है, उसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में चरितार्थ करना चाहिए। एक दूसरे के प्रति द्वेष न पालते हुए आपसी प्रेम, सामंजस्य सहयोग की भावना रखनी चाहिए। गौकरण साहू जिपं उपाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु के चरणों में ही जीवन सफल होगा। नशे से हमेशा दूर रहे। नशामुक्त समाज, शिक्षित समाज के साथ बच्चों को संस्कारवान बनाएं। बच्चे संस्कारवान होंगे तो हमारा जीवन सफल हो जायेगा। लोकेश साहू अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल ने कहा कि सत्य ही मानव का धर्म है। एक मंच में साथ बैठना ही सामाजिक समरसता है। इस दौरान सतनामी समाज एवं अतिथियों ने गांव की महिला कमांडो टीम, ग्रीन आर्मी टीम और मितानिनों का सम्मान किया। थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल ने आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### शुभम भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष बने



**धमतरी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ ने अपनी प्रदेश कार्यकारिणी में विस्तार करते हुए धमतरी के युवा नेता शुभम जायसवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। अपनी नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि संगठन ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य युवाओं को राष्ट्रवाद की विचारधारा से जोड़ना और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना होगा। शुभम के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और शुभचिंतकों ने हर्ष जताया है।

### सेजेस पुरूर में नियमित प्राचार्य पदस्थ



**पुरूर।** पिछले चार वर्षो से प्रभारी प्राचार्य के भरोसे चल रहा स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर में भागवत ठाकुर ने नियमित प्राचार्य के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है। नवम्बर 2021 में एमआर.राजपुरिया प्राचार्य के सेवानिवृत के बाद से हायर सेकेण्डरी स्कूल पुरूर में प्राचार्य का पद रिक्त था। विद्यालय में नियमित प्राचार्य की मांग ग्रामीण वर्षो से करते आ रहे थे। चार वर्षों के बाद विद्यालय में नियमित प्राचार्य के पदस्थ होने से संस्था में अनुशासन एवं परिक्षा परिणाम बेहतर होगा। भागवत ठाकुर को प्राचार्य के पद पर पदस्थ होने पर सरपंच हीरामणि साहू, शाला समिति के अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, मंतराम राजपुरिया, सुरेन्द्र तिवारी सहित ग्रामवासीयों ने हर्ष व्यक्त किया। शाला परिवार सहित शिक्षा समिति के सदस्यों ने नव प्राचार्य का सम्मान किया।

शहर-अंचल में श्रद्धा और उल्लास से मनी बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती

# जैतखाम में हुआ ध्वजारोहण, बाबा को प्रसाद अर्पित, पंथी नृत्य ने लोगों का मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





सतनाम पंथ के प्रवर्तक, महान समाज सुधारक और संत बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती धमतरी शहर सहित पूरे अंचल में श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बाबा के अनुयायियों ने उनके बताए सत्य, अहिंसा, समानता और मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। दिनभर चले धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से शहर और ग्रामीण क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

शहर के विभिन्न वार्डों एवं आसपास के गांवों में जयंती को लेकर विशेष आयोजन किए गए। आधारी नवागांव वार्ड, सोरिद, जोधापुर, मकेश्वर वार्ड, साल्हेवारपारा, महिमासागर वार्ड, दानीटोला सहित अनेक स्थानों पर सुबह से ही कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। जैतखाम में विधिवत ध्वजारोहण किया गया, बाबा गुरु घासीदास को प्रसाद अर्पित कर आरती-पूजन संपन्न हुआ तथा श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान सतनाम पंथ के संदेशों का स्मरण करते हुए सामाजिक समरसता, नशामुक्ति और आपसी भाईचारे को अपनाने की शपथ ली गई।

जयंती समारोह में पंथी नृत्य प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। विभिन्न गांवों से आई पंथी नृत्य मंडलियों ने पारंपरिक वेशभूषा में ऊर्जावान और भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। नृत्य के माध्यम से बाबा गुरु घासीदास के जीवन, उनके संघर्ष और समाज सुधार के संदेशों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही भजन-कीर्तन, चौका, नाटक, नाचा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। ग्रामीण अंचल में भी जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। श्रद्धालुओं ने उपवास रखा, अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की और सामूहिक पूजा-अर्चना में भाग लिया। कई गांवों में मड़ई-मेला का आयोजन हुआ, जहां सामाजिक एकता और लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। जयंती के माध्यम से बाबा गुरु घासीदास के मनखे-मनखे एक समान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

— इश्क, सत्ता और सनसनी ►

# बंजारी सरपंच के 'लेटर बम' से मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम पंचायत बंजारी इन दिनों विकास नहीं, दिल के फैसले को लेकर सुर्खियों में है। वजह महिला सरपंच और उपसरपंच की अचानक गुमशुदगी और उससे भी ज्यादा एसपी के नाम लिखा गया एक ऐसा पत्र, जो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल रहा है।

### प्यार अपनी मर्जी का फैसला भी अपना

वायरल पत्र में महिला सरपंच ने खुद को 12वीं पास बताते हुए लिखा है कि वह और गांव के उपसरपंच लंबे समय से एक-दूसरे को जानते हैं और आपसी सहमति से रिलेशनशिप में हैं। पत्र में साफ कहा है कि हम दोनों एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते, इसलिए अपनी इच्छा से उपसरपंच को लेकर जा रही हूं।

पत्र में पुलिस से यह भी अनुरोध किया है कि यदि परिवार द्वारा गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई जाए, तो उस पर कार्रवाई न हो। सरपंच का दावा है कि वह पूरी तरह होशोहवास में है और अब उपसरपंच के साथ ही जीवन बिताना चाहती है।

### चेतावनी ने बढ़ाया तापमान

आगे कहा कि अगर हमें अलग करने या प्रताड़ित करने की कोशिश हुई, तो मैं आत्महत्या कर लूंगी। इसकी जिम्मेदारी अलग करने वालों की होगी। यही चेतावनी इस मामले को चर्चा से सनसनी तक ले गई।

### खोज में नहीं लगाओ वक्त

सरपंच ने पुलिस से अंतिम अपील में कहा कि दोनों की तलाश में कीमती समय न लगाया जाए, क्योंकि वे अपनी मर्जी से साथ गए हैं।

### पुलिस का पक्ष

उधर एसपी सूरज सिंह परिहार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्हें ऐसे किसी आवेदन की जानकारी नहीं है। उल्लेखनीय है कि सरपंच और उपसरपंच शुक्रवार से लापता बताए जा रहे हैं। बंजारी का यह मामला अब सिर्फ पंचायत नहीं, पूरे जिले की चर्चा बन चुका है।

### शादीशुदा होकर दूसरा विवाह किया तो बढ़ सकती हैं कानूनी मुश्किलें

ग्राम पंचायत बंजारी के सरपंच और उपसरपंच दोनों हिन्दू धर्म के अनुयायी होने के साथ-साथ पहले से शादीशुदा बताए जा रहे हैं। ऐसे में यदि दोनों बिना विधिवत तलाक लिए दोबारा विवाह करते हैं, तो यह कानूनन अपराध की श्रेणी में आएगा। हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत किसी भी हिन्दू पुरुष या महिला को, जब तक पहला विवाह कानूनी रूप से समाप्त न हो जाए, दूसरा विवाह करने की अनुमति नहीं है। ऐसा करने पर यह द्विविवाह (**Bigamy**) माना जाता है। कानून के अनुसार, दोष सिद्ध होने पर संबंधित व्यक्ति को जुर्माना या कारावास अथवा दोनों की सजा हो सकती है। साथ ही दूसरा विवाह अवैध माना जाएगा, जिसका कोई कानूनी दर्जा नहीं होगा। ऐसे में यह मामला केवल सामाजिक या नैतिक नहीं, बल्कि गंभीर कानूनी पहलुओं से भी जुड़ा हुआ है, जिस पर आगे कार्रवाई की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता।

# अनिता को महिला मोर्चा की कमान

- धमतरी भाजपा संगठन में हुआ बड़ा फेरबदल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में अहम कदम उठाते हुए विभिन्न मोर्चा के पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी है। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी जनपद सदस्य अनिता यादव को सौंपे जाने के साथ ही जिले की राजनीति में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। वहीं भाजयुमो के जिला अध्यक्ष की घोषणा नहीं होने से राजनीतिक हलकों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव की सहमति से प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मारकंडे द्वारा जारी आदेश में धमतरी जिले के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को प्रदेश एवं जिला स्तर पर महत्वपूर्ण दायित्व दिए गए हैं। महिला मोर्चा में अनिता यादव को जिला अध्यक्ष बनाए जाने के साथ बीथिका विश्वास को प्रदेश मंत्री तथा जागेश्वरी साहू को प्रदेश कार्य समिति सदस्य नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अर्चना चौबे, हेमतला शर्मा, पिंकी शाह और सरला जैन को प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रेमलता नागवंशी को मन की बात कार्यक्रम की सहप्रभारी तथा रितिका यादव को महिला मोर्चा मंडल धमतरी अध्यक्ष बनाया गया है। राहुल चोपड़ा को प्रदेश विधि एवं तकनीक सह प्रमुख नियुक्त किया गया है। जय हिंदूजा, अविनाश दुबे, सत्यम चंद्राकर, कैलाश सोनकर और सूरज शर्मा को प्रदेश कार्य समिति सदस्य का दायित्व सौंपा गया है। निशा वैष्णव को प्रदेश कन्या शक्ति सह संयोजक बनाया गया है। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष के रूप में आबिद अली की नियुक्ति की गई है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा में लक्ष्मण गौतम को मीडिया सहप्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि, भाजयुमो जिला अध्यक्ष का नाम सूची में शामिल न होने से सबसे अधिक चर्चा इसी पद को लेकर है। जिन युवा नेताओं को इस पद का दावेदार माना जा रहा था, उनमें से अधिकांश को पहले ही प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी मिल चुकी है। ऐसे में अब यह देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी किसी अनुभवी चेहरे को मौका देती है या फिर किसी नए युवा को संगठन की कमान सौंपी जाती है। इस फैसले पर जिले के भाजपा युवा कार्यकर्ताओं की निगाहें टिकी हुई हैं।

### बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**जीजामगांव।** छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज द्वारा कुरूद ब्लॉक के भखारा क्षेत्र अंतर्गत सेमरा पाली के ग्राम सुपेला में गीता जयंती समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन पाली अध्यक्ष बीरसिंग यादव ग्राम सिंगदेही के नेतृत्व में किया गया। समारोह की शुरुआत सुबह कलश स्थापना, दीप प्रज्ज्वलन, गीता पूजन एवं श्रीकृष्ण ध्वजारोणन से हुई।

## जीजामगांव में घासीदास जयंती समारोह 22 को

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव



गुरु घासीदास जयंती पर सतनामी समाज द्वारा ग्राम जीजामागांव में 21 दिसंबर को सतनाम ज्योति कलशयात्रा एवं 22 दिसंबर को जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि श्रीमती कुलेश्वरी गायकवाड़ सभापति जिला पंचायत होंगे। अध्यक्षता श्रीमती गंगा साहू सदस्य जनपद पंचायत कुरूद करेंगी। विशेष अतिथि देवचरण चंद्राकर सरपंच होंगे। समिति के सदस्यों ने बताया कि 22 दिसंबर को झंडातोलन, जय सफरा बालिका पंथी पार्टी धौराभाठा कुंडेल एवं सत्य के संदेश उजागर पंथी नर्तक दल ग्राम जरवाय पाटन की प्रस्तुति होगी। रात्रि में मनोरंजन के लिए शिव भोला नाचा पार्टी करमतरा जालबांधा जिला खैरागढ़ छुईखदान का कार्यक्रम होगा। आयोजन की तैयारी में सतनामी समाज जुटा हुआ है।

## कुरुद में हिंदू सम्मेलन 30 को

**कुरुद।** खेल मेला मैदान कुरूद में 30 दिसम्बर मंगलवार को दोपहर 1 बजे से हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि आचार्य पं. युवराज पाण्डेय भगवताचार्य, कथा वाचक, विशिष्ट अतिथि श्रीमती खिलेश्वरी किरण साहू मुख्य प्रबंध ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ धमतरी एवं मुख्य वक्ता दीपक विस्फुते अखिल भारतीय सह बौध्दिक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ होंगे। तैयारी में हिन्दू सम्मेलन समिति जुटी हुई है।

## युवक-युवती परिचय सम्मेलन 20 को

**धमतरी।** सतनामी समाज के युवक-युवतियों को वैवाहिक एवं सामाजिक परिचय का सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 20 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से गुरुबालक दास सभा भवन जोधापुर डाकबंगला वार्ड पीजी कॉलेज रोड धमतरी में होगा। आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन में भाग लेने वाले युवक-युवतियों के लिए पासपोर्ट साइज फोटो एवं बायोडाटा अनिवार्य रहेगा। विधवा एवं दिव्यांग युवक–युवती भी सम्मेलन में भाग ले सकेंगे। पंजीयन शुल्क 201 रुपये है। रात्रि में सुर वंदना शशि रंगीला स्टार नाइट लोक कला मंच की प्रस्तुति होगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरूषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

मस्तिष्क रोग जांच परामर्श ओपीडी सेवाएं
19 दिसंबर 25, शुक्रवार
RAMKRISHNA CARE HOSPITALS
स्थानः श्रीराम हॉस्पिटल, गंगरेल रोड, धमतरी समयः सुबह 11:30 से 2 बजे तक
विशेषज्ञ
डॉ. उमेश कुमार चंद्रा
MBBS, MD, DrNB Neurology
Sr. Consultant - Neurophysician
मस्तिष्क रोग के लक्षण
• मिर्गी का उपचार • मस्तिष्क में गठान
• सिर दर्द का उपचार
• मांसपेशियों की बीमारी (Muscular Dystrophy)
• लकवा संबंधित जांच
• याददाश्त का कम होना
• अनिद्रा संबंधित विकार • पार्किंसंस
रजिस्ट्रेशन एवं अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें:
9179090912, 9165078797
श्रेष्ठ एवं विश्वसनीय
रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, रायपुर । अपॉइंटमेंटः 0771-6165656
कृपया मरीज अपनी पुरानी जाँच रिपोर्ट साथ लायें।
MAHESHWARI

## सभापति, प्रभारी आयुक्त ने किया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण



**धमतरी।** जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर ने प्रभारी आयुक्त के साथ जल आवर्धन योजना अंतर्गत निर्माणाधीन नए वाटर फिल्टर प्लांट एवं पुराने 14 एमएलडी फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां खामियाँ पाई गईं, उन्हें तत्काल सुधारने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। साथ ही पुराने प्लांट को दुरुस्त करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कमिश्नर पीसी सार्वा, वार्ड पार्षद कुलेश सोनी, महेंद्र जगत, कमलेश ठाकुर, राजेंद्र निर्मलकर एवं पंचराम सिंह उपस्थित थे।

## पुरूर में विशाल हिंदू सम्मेलन 27 को

**पुरूर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर स्वयंसेवक संघ द्वारा 27 दिसम्बर शनिवार को ग्राम पुरूर में वृहद हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 11 बजे कलशयात्रा निकलेगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समिति गठित की गई है। पुरूर मंडल पालक मंतराम राजपुरिया, संयोजक द्वारिका कटेन्द्र पुरूर, सहसंयोजक भीमसेन चंदनबिरही, कोष प्रमुख मिथिलेश साहू पुरूर, प्रचार प्रमुख पोखनलाल साहू, सुरेन्द्र साहू, भानुप्रताम साहू, मंच व्यवस्था प्रमुख वेदप्रकाश कटेन्द्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख लक्ष्मीनारायण ठाकुर, रघुवीर साहू, तेजूराम साहू, व्यवस्था प्रमुख तालसिंह निर्मलकर, साजसज्जा एवं प्रदर्शनी प्रमुख राकेश सिन्हा चुने गये हैं। कार्यकारणी सदस्यों में भोजूराम सार्वा, सोमनाथ साहू, प्रेमचंद साहू, गौकरण शांडिल्य, गोपाल साहू, रामाधीन मरकाम, सुरेश सेवता, कृष्णा यादव, शैलेन्द्र शोरी, गिरधारी यादव, लोकेश साहू शामिल हैं।

सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर
बाजार मूल्य ₹399 एवं उससे अधिक वाली
स्टेनलेस स्टील से बने प्रीमियम क्वालिटी के
चाय, दूध, कॉफी गर्म करने के लिये उपयोगी

सॉस पेन
14 cm. capacity 800 ml.
2 पीस
₹189
2 पीस सॉसपेन की कीमत मात्र ₹189 में
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 2 सेट दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.
रूद्री रोड, धमतरी
*condition apply